https://www.jagran.com/uttar-pradesh/gorakhpur-city-gorakhpurs-plastic-park-set-to-boost-industrial-growth-and-employment-23889412.html

# यूपी के इस शहर में अब रफ्तार पकड़ने को तैयार हैं प्लास्टिक उद्योग, मार्च से शुरू हो जाएगा उत्पादन

गोरखपुर में प्लास्टिक पार्क की स्थापना से औद्योगिक विकास को गति मिली है। इस पार्क में कई फैक्ट्रियां स्थापित हो चुकी हैं और कुछ में उत्पादन भी शुरू हो गया है। इस पार्क के पूरी तरह से तैयार हो जाने के बाद प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से 5000 लोगों को रोजगार मिलेगा। 29 भूखंडों के लिए गीडा प्रशासन ने विज्ञापन भी जारी कर दिया है।

BY JAGRAN NEWS
EDITED BY: **VIVEK SHUKLA**
UPDATED: SUN, 23 FEB 2025 02:36 PM (IST)



*गोरखपुर प्लास्टिक पार्क में बनी फैक्टरी। जागरण*

**HIGHLIGHTS**

1. प्लास्टिक पार्क की दूसरी फैक्ट्री में मार्च से शुरू हो जाएगा उत्पादन
2. बनेगी बिजली की पीवीसी पाइप, पूरे पूर्वांचल में होगी आपूर्ति
3. 92 प्लास्टिक फैक्ट्रियां होनी हैं स्थापित, 62 भूखंडों का हो चुका है आवंटन
4. एक फैक्ट्री में शुरू हो चुका है उत्पाद, तीन और फैक्ट्रियों का निर्माण शुरू

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर।** औद्योगिक क्षितिज पर गोरखपुर को स्थापित करने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल अब काफी तेजी से परवान चढ़ने लगी है। न सिर्फ यहां की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है, बल्कि काफी संख्या में लोगों को रोजगार भी मिल रहा है। करीब 70 करोड़ रुपये की लागत का प्लास्टिक पार्क अब मूर्त रूप लेने लगा है।

एक में उत्पादन शुरू हो चुका है, वहीं दूसरी फैक्ट्री भी उत्पादन करने को तैयार हो चुकी है। मार्च में ही उत्पादन शुरू हो जाने की उम्मीद है। इस फैक्ट्री में करीब 70 लोगों को रोजगार मिलेगा। इस प्लास्टिक पार्क के पूरी तरह से तैयार हो जाने के बाद प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से 5000 लोगों को रोजगार मिलेगा।

गीडा में गोरखपुर-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेस-वे के पास भगवानपुर गांव में करीब 70 करोड़ रुपये की लागत से 88 एकड़ में प्लास्टिक पार्क अब मूर्त रूप लेने लगा है। कुछ कमियों के बीच इस पार्क में 92 औद्योगिक भूखंडों में से 61 का आवंटन हो चुका है। वहीं, बचे रह गए 29 भूखंडों के लिए गीडा प्रशासन ने विज्ञापन भी जारी कर दिया है।